एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कई लोगों ने मुझे 'पैडमैन' बनाने से मना किया था: ट्विंकल खन्ना

राइटर-प्रड्यूसर ट्विंकल खन्ना ने पिछले साल अपने प्रॉडक्शन हाउस मिसेज फनीबोन्स मूवीज की शुरुआत की थी। ट्विंकल ने अपने पति अक्षय कुमार की फिल्म 'पैडमैन' से फिल्म प्रॉडक्शन के क्षेत्र में कदम रखा था। फिल्म पैडमैन को सामाजिक मुद्दे पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का नैशलन अवॉर्ड मिला है। अब ट्विंकल ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि ऐसे कई सारे लोग थे जिन्होंने उन्हें पैड पर फिल्म बनाने से मना किया था। फिल्म का नैशनल पुरस्कार इस फिल्म को मिलने के बाद ट्विंकल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबा पोस्ट लिखा है। अपनी पोस्ट में ट्विंकल ने लिखा है, 'इस सफर की शुरुआत पांच साल पहले माहवारी पर कॉलम लिखने से हुई थी, इसके बाद मैंने अपनी दूसरी किताब में अरुनाचलम मुरुगनाथनम के बारे में लिखा और आखिरकार आया 'पैडमैन'। कई लोगों ने पैड पर फिल्म बनाने से मुझे मना किया था और मिसेज फनीबोन्स मूवीज की पहली फिल्म ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। ट्विंकल ने आगे लिखा, 'कभी-कभी अच्छी नीयत के साथ जब आप शुरुआत करते हैं तो किस्मत आपका साथ देती है।' इसके बाद ट्विंकल ने फिल्म के डायरेक्टर आर. बाल्की और फिल्म के कलाकारों को भी बधाई देते हुए उनकी सराहना की है। इससे पहले फिल्म की प्रड्यूसर ट्विंकल ने ट्वीट किया था, थैंक्यू! पूरी तरह से अभिभूत हूं। मैं कार में थी जब मैंने ट्वीट देखा और पता चला कि हमने सच में नैशनल अवॉर्ड जीता है।

गंजे होने के अलावा, कुछ भी करने को तैयार हूं: तापसी पन्नू

अनुराग कश्यप के डायरेक्श में बनी मनमर्जियां और उनके प्रॉडक्शन में बन रही फिल्म सांड की आंख में लीड रोल निभाने के बाद तापसी पन्नू उनके डायरेक्शन में बन रही एक और फिल्म में काम कर रही हैं जो एक सुपरनैचरल थ्रिलर फिल्म होगी।

तापसी का कहना है कि इस फिल्म में कुछ ऐसा देखने को मिलेगा जो इंडियन सिनेमा में कभी देखा नहीं गया है। इस फिल्म में तापसी पन्नू कई अलग-अलग लुक्स में दिखेंगी लेकिन इसके लिए वह किसी तरह के बाहरी मेकअप का इस्तेमाल नहीं करेंगी जैसा कि उन्होंने सांड की आंख में प्रकाशी तोमर के किरदार के लिए किया है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में आप मुझे आसानी से पहचान सकेंगे। लेकिन वह तापसी उससे अलग होगी जिसे आप जानते हैं। अनुराग ने फिल्म मनमर्जियां में तापसी के बाल लाल रंग से रंगवा दिए थे, तो इस बार वह क्या करने जा रहे हैं? इसके जवाब में तापसी ने कहा, मैंने मन बना लिया है कि अनुराग निश्चित तौर पर मुझसे कुछ अलग चाहेंगे। गंजा होने के अलावा, मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग भारत से बाहर होगी क्योंकि इसके लिए अलग तरह के घर और माहौल की जरूरत होगी।

गरिमा को मिला बिग बॉस 13 का ऑफर!

भारतीय टीवी इंडस्ट्री का सबसे विवादित और जबरदस्त टीआरपी के लिए पहचाना जाने वाला रिएलिटी शो बिग बॉस अपने नए सीजन के साथ जल्द ही आने वाला है. इस बार बिग बॉस 13 में कई नई चीजें देखने को मिलेंगी. हर दिन इस शो से जुड़ी कोई न कोई जानकारी सामने आ रही है. वहीं हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ये दावा कर रही हैं कि इस बार बिग बॉस के घर में एक जानी-मानी टिक टॉक स्टार भी नजर आ सकती हैं. ये टिक टॉक स्टार हैं गरिमा चौरसिया. ये वही लड़की है, जिसका एक वीडियो ऐसा वायरल हुआ कि आज इसके 1० मिलियन फॉलोवर्स हो चुके हैं.

गरिमा ने कुछ समय पहले टिक टॉक पर रैप सॉन्ग बहुत हार्ड पर एक वीडियो बनाया था. इस वीडियो के बाद से गरिमा की पॉप्युलैरिटी ऐसी बढ़ी कि वो टिक टॉक स्टार बन गईं. 21 साल की गरिमा टिक टॉक के साथ-साथ इंस्टाग्राम पर भी काफी मशहूर हैं. गरिमा मॉडलिंग करती हैं और वो कई म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं. वहीं हाल ही में आ रही इनके बिग बॉस में शामिल होने की खबरों में कितनी सच्चाई है इसके बारे में तो अभी कोई जानकारी नहीं है. अभी इस शो के कंटेस्टेंट के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है.

बिग बॉस 13 की बात करें तो इस शो के कंटेस्टेंट के तौर पर अभी तक चंकी पांडे, राजपाल यादव, वरीना हुसैन, टीवी ऐक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी, अंकिता लोखंडे, राकेश वशिष्ठ, माहिका शर्मा, डैनी डी, जीत, सांसद चिराग पासवान, बॉक्सर विजेंद्र सिंह, राहुल खंडेलवाल, मेघना मलिक, मिथुन चक्रवर्ती के बेटे महाक्षय चक्रवर्ती, दयानंद शेट्टी, फैजी बू, सोनल चौहान, सिद्धार्थ शुक्ला जैसे नाम सामने आ चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ये सलमान खान का ये शो सितंबर में ऑनएयर होगा. इस बार बिग बॉस 13 के लिए कई सेलेब्रिटीज के नाम सामने आए हैं. इन नामों में कुछ ने शो करने से मना कर दिया तो कईयों ने इसके लिए हामी भी भर दी है. लेकिन ये सभी सलेब्रिटी प्रतिभागी कॉन्ट्रैक्ट की वजह से मीडिया में खबर कंफर्म नहीं कर रहे हैं.